NS – 081

III Semester B.Com. Examination, Nov./Dec. 2016
(2016-17 and Onwards) (Fresher) (CBCS) (Semester Scheme)
LANGUAGE HINDI – III
Natak, Sarkari Patra Aur Sankshepan

Time : 3 Hours Max. Marks : 70

I. **एक** शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए : **(10×1=10)**

1) 'अलख आज़ादी की' नाटक के नाटककार कौन हैं ?

2) वास्कोड़िगामा किस देश का था ?

3) कौन-सा बंदरगाह तिजारत के लिए सबसे आगे था ?

4) सम्राट बहादुरशाह जफ़र को कहाँ कैद कर रखा था ?

5) इंग्लैंड की महारानी का नाम क्या था ?

6) इंडियन नेशनल काँग्रेस का पहला अधिवेशन कहाँ हुआ ?

7) ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की ?

8) भारत छोड़ों आंदोलन कब शुरू हुआ ?

9) रामकृष्ण परमहंस के शिष्य कौन थे ?

10) फ़िरंगी किसके अँगूठे कटवाने पर तुल गए ?

II. किन्हीं **दो** अवतरणों का संदर्भ सहित स्पष्टीकरण कीजिए : **(2×6=12)**

1) हमारे खेत, खलिहान, कोठार अनाज से भरे रहते थे । बाज़ार में दाम भी अच्छे मिल जाते थे । अब हालत भिखारियों से भी बदतर हो गई है ।

2) अरे मैं कहता हूँ सारे राजा-नवाब एक होकर इन फ़िरंगियों का मुक़ाबला करें तो क्या इन्हें देश के बाहर खदेड़ा नहीं जा सकता ?

3) कोई भी क्रांति तभी सफ़ल होती है, जब उसके पीछे जनता भी जाग्रत हो । जनता को जगाने के लिए समय और धैर्य चाहिए ।

4) सत्याग्रह यानी सत्य का आग्रह अहिंसा द्वारा । गांधी ने यही हथियार चुना अंग्रेज़ों के अन्याय और अत्याचार से लड़ने के लिए ।

III. ''अलख आज़ादी की'' नाटक का सारांश लिखकर उसकी विशेषताएँ बताइए । 12

अथवा

'भारत की संपन्नता से आकृष्ट विदेशियों का आगमन और व्यापार करने की अनुमति लेकर समूचे देश के शासक बन जाने की दास्तान ''अलख आज़ादी की'' नाटक में व्यक्त है ।' इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : (1×6=6)

i) लेखिका ।

ii) गायक ।

V. कोई **दो** पत्र लिखिए : (2×10=20)

1) श्री अमित शाह आई.ए.एस. उपसचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से अवर सचिव, शिक्षा मंत्रालय कर्नाटक राज्य को राज्य में पिछले दो वर्षों से हो रही हिन्दी की प्रगति का विवरण माँगते हुए एक सामान्य सरकारी पत्र लिखिए ।

2) सचिव, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रशासनिक अधिकारी, नई दिल्ली को पिछले पत्र का उत्तर देने हेतु एक अनुस्मारक लिखिए ।

3) श्री अमलेन्द्र कुमार आइ.ए.एस. सचिव, समाज कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से श्री मोनिक शर्मा की सेवा अवधी २ साल के लिए बढाये जाने की सहमति माँगते हुए एक अर्ध सरकारी पत्र, सचिव, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली – २ को लिखिए ।

VI. उचित शीर्षक देते हुए एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए : 10

बीमा वर्तमान युग की बहुत बडी आवश्यकता है । स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में बीमा का कार्य बहुत अधिक बढ़ गया है । परंतु अब भी सर्वसाधारण इसका पूरा-पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं । इसके मूलत : दो कारण हैं । पहला, बीमा और उससे होनेवाले लाभों के प्रति अज्ञान तथा दूसरा जीवन बीमा निगम के कर्मचारियों का रुखा व्यवहार । बीमा एजेंट बीमा करा लेने के बाद तथा किश्त जमा हो जाने पर बीमा कराये हुए व्यक्ति की तरफ़ भूल कर भी नहीं देखते । जीवन बीमा निगम अपने कर्मचारियों के दुर्व्यवहार के लिए विख्यात रहा है । यदि ये लोग जनता के लिए अपने व्यवहार में परिवर्तन लायें और बीमा से मिलनेवाले लाभों का प्रचार प्रत्येक गाँव में करें तथा जनता में यह विश्वास पैदा करें कि उनका जमा किया गया धन कंपनी में सुरक्षित रहता है तो बीमा को पर्याप्त प्रोत्साहन मिल सकता है । समाज विरोधी तत्व छोटी-छोटी बातों पर बसों को जला देते हैं, वाहनों को तोड़-फोड़ देते हैं तथा सार्वजनिक संपत्ति को हानि पहुँचाते हैं । ये सारी हानियाँ परिवहन निगम या किसी व्यक्ति विशेष की न होकर बीमा कंपनी की होती है ।